चीन द्वारा सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

चीन अपनी **वैधानिक सेवानिवृत्ति आयु को धीरे-धीरे बढ़ाने** की योजना बना रहा है, जो वर्तमान में विश्व स्तर पर सबसे कम है, क्योंकि वह **पेंशन बजट घाटे का सामना कर रहा है।**

- चीन में पुरुषों के लिये **वर्तमान सेवानिवृत्ति आयु** 60 वर्ष है, महिलाओं (व्हाइट-कॉलर) के लिये 55 वर्ष तथा महिलाओं (कारखाना श्रमिक) के लिये 50 वर्ष है।

जनसांख्यिकीय परिवर्तन:

- चीन में **जीवन प्रत्याशा** वर्ष 1960 में लगभग 44 वर्ष से बढ़कर **वर्ष 2021 में 78 वर्ष** हो गई है तथा अनुमान है कि **वर्ष 2050 तक यह 80 वर्ष से अधिक हो जाएगी।**
- **60 वर्ष और उससे अधिक आयु की जनसंख्या वर्ष 2035 तक** 280 मिलियन से बढ़कर **400 मिलियन से अधिक होने की उम्मीद है।**
- प्रत्येक सेवानिवृत्त व्यक्ति का भरण-पोषण करने वाले श्रमिकों का अनुपात घट रहा है, जिसका **वर्ष 2030 तक 5-से-1 से घटकर 4-से-1** तथा वर्ष **2050 तक 2-से-1 हो जाने का अनुमान है।**
- भारत में केंद्र सरकार का पेंशन व्यय **बजट 2024-25** में लगभग **2.40 लाख करोड़** रुपए होने का अनुमान है, जो अनुमानित **सकल घरेलू उत्पाद** का 0.7% है।
  - इसके अतिरिक्त भारत की **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली** एक कम लागत वाली, कर-कुशल सेवानिवृत्ति बचत खाता है जिसके अंतर्गत व्यक्ति और उसका नियोक्ता व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा/कल्याण के लिये उसके सेवानिवृत्ति खाते में सह-योगदान करते हैं।
  - इसी प्रकार **अटल पेंशन योजना** को वर्ष 2015 में गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने हेतु शुरू किया गया था।

और पढ़ें...राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और अटल पेंशन योजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/china-to-raise-retirement-age